हिन्दुस्तान (Hindustan)

दिनाँक (Dated): 10.06.2024	पृष्ठ सं० (Page No). 02	क्रम सं०(Serial No.) 7

चंदन की लकड़ी समेत विदेशी यात्री पकड़ा

नई दिल्ली। आईजीआई एयरपोर्ट के रास्ते चंदन की लकड़ी विदेश ले जा रहे एक यात्री को सीआईएसएफ ने पकड़ा है। वियतनाम के रहने वाले यात्री के पास से 12 किलोग्राम चंदन की लकड़ी बरामद हुई है, जिसकी कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई गई है। आरोपी को चंदन की लकड़ी समेत वन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया है। वह दिल्ली से हनोई जाने के लिए आया था। शक होने पर बैग खोला गया तो उसमें चंदन की लकड़ी मिली।